बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 32../अकादमी/(पात्रता)/2024 भोपाल, दिनांक 18/3/2024

—:आदेश:—

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध शारिरिक शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों में अध्यनरत बी0पी0एड0/एम0पी0एड0 विधार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व महाविद्यालयों के माध्यम से प्राप्त पात्रता आवेदनों के साथ संलग्न दस्तावेजों के परीक्षणोपरान्त समिति द्वारा पाया गया कि अधिकतर संलग्न दस्तावेज अस्पष्ट, धूंधले होने के कारण दस्तावेजो की प्रमाणिकता के संबध में शंका उत्पन्न हो रही है, समिति द्वारा शंका समधान हेतु कई बार महाविद्यालयों को छात्रों के मूल दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किये गये है ताकि प्रस्तुत आवेदनों के साथ संलग्न दस्तावेजो का मूल दस्तावेजों से मिलान कर छात्रों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी किये जा सके। किंतु कतिमय महाविद्यालय द्वारा मूल दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये है।

इस तरह कतिपय महाविद्यालयों द्वारा छात्रों के मूल दस्तावेज उपलब्ध न कराकर विश्वविद्यालयों कों सहयोग नही किया जा रहा है जिससे छात्रों के पात्रता प्रमाण पत्र जारी नही किये जा सके है, छात्रों का नामाकन नही हो सका है, परीक्षा फॉर्म न भरे जाने के कारण बी0पी0एड0/एम0पी0एड0 प्रथम सेमेस्टर की समय सारणी जारी नही की जा सकी है। इस तरह की परिस्थिति के कारण महाविद्यालयों में अध्यनरत अन्य छात्रों एवं उनके अभिभावाकों में रोष होने के फलस्वरूप तनाव हो सकता है तथा परीक्षा अत्यंत विलम्ब से होने के कारण अप्रिय स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु आवेदकों को बाध्य की जाने की आवश्यकता प्रतीत हो रही हैं। अतः संलग्न **सूची अनुसार समस्त छात्र अपने मूल दस्तावेजो के साथ दिनांक 20.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे आर्यभट्ट सभागार (कुलपति कार्यालय) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में उपस्थित होना सुनिश्चित करे।**

यह आदेश आवेदक विद्यार्थी तथा संबधित महाविद्यालयों को संबोधित हैं, चूँकि वर्तमान में ऐसी परिस्थितियाँ नही है और न ही यह संभव है कि यह आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक पात्रता आवेदन कर्ता बी0पी0एड0/एम0पी0एड0 छात्र/प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को दी जावे। अतः यह आदेश एक परिलक्षित पारित किया जाता है, तथा तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लघन करने वाले/मूल दस्तावेज उपलब्ध न कराने वाले बी0पी0एड0/एम0पी0एड0 के छात्रों को आगामी परीक्षा में बैठने से वंचित किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्रों तथा महाविद्यालयों की होगी।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

आदेशानुसार

कुलसचिव

बरकतउल्ला विश्वविद्याल, भोपाल

क्रमांक 33../अकादमी/(पात्रता)/2024 भोपाल, दिनांक 18/3/2024

प्रतिलिपिः—

1. समस्त पात्रता हेतु आवेदनकर्ता बी0पी0एड0 तथा एम0पी0एड0 विद्यार्थी।
2. प्राचार्य संबधित महाविद्यालयों को इस निर्देश के साथ कि नियत तिथि, स्थांपन पर छात्रों के दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित करे। यदि उक्त दिनांक तक छात्रों के दस्तावेज सत्यापित नही होते है तो छात्रों को परीक्षा से वंचित किया जावेगा।
3. दस्तावेज सत्यापन समिति की ओर सूचनार्थ।
4. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मत्रांलय वल्लभव भवन की ओर सूचनार्थ।
5. निज सहायक के माध्यम से आयुक्त, उच्च शिक्षा की ओर सूचनार्थ।
6. आई.टी.सेल. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु सूचनार्थ।
7. निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलपति/कुलसचिव को सूचनार्थ।

सहा.कुलसचिव (अकादमी)

बरकतउल्ला विश्वविद्याल, भोपाल